हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से ...



11 जिला स्तरीय प्रमुख जन गोष्ठी में संघ की ....




## खबर संक्षेप

### प्री डीएलएड आवेदन की अंतिम तिथि 13 अप्रैल

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित सत्र 2026-27 के लिए प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू हो गया हैं। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तारीख 13 अप्रैल निर्धारित की गई है। जबकि परीक्षा की संभावित तारीख 4 जून निर्धारित की गई है। प्री डीएलएड परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। डाइट प्राचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान आनलाइन पद्धति से किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी जो परीक्षा में उपस्थित होते है, उनका परीक्षा शुल्क व्यापम द्वारा वापस कर दिया जाएगा। परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जाएगा जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने आनलाइन आवेदन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है। डाइट प्राचार्य घृतलहरे ने बताया की डाइट बेमेतरा में डीएलएड प्रथम वर्ष में 100 सीट एवं डीएलएड द्वितीय वर्ष में 100 सीट निर्धारित है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा की अधिसूचना जारी कर दी गई है। डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारम्भ हो चुकी है। योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12 वीं तक गुणवत्ता युक्त स्कूली शिक्षा के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी करना है। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के बारे में बताते हुए डाइट प्राचार्य ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय छत्तीसगढ़ सरकार की एक विशेष पहल है, जो नक्सल प्रभावित, आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा, आवास और कोचिंग प्रदान करती है। इसका उद्देश्य ग्रामीण छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। चयनित छात्र छात्राओं को शत-प्रतिशत निःशुल्क शिक्षा, छात्रावास, भोजन, और पाठ्य-सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग मेडिकल और अन्य प्रोफेशनल परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग दी जाती है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल है तथा परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी।

### नशीली दवाओं के साथ आरोपी हिरासत में

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धमधा रोड स्थित सब्जी मंडी दुर्ग के पास से सिकोला भाठा, दुर्ग निवासी दीपक ठाकुर को पकड़ा गया।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए जिला स्तरीय जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित

## कानूनी प्रावधानों और रोकथाम के उपायों की दी गई विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में 'बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला स्तरीय जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के समस्त बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम के लिए कानूनी, सामाजिक एवं प्रशासनिक उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत बनाना रहा। इस दौरान अधिकारियों को बताया गया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम स्तर तक निगरानी तंत्र को सशक्त करना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि लड़कियों के लिए 18 वर्ष एवं लड़कों के लिए 21 वर्ष से कम आयु में विवाह पूर्णतः अवैध है। अधिकारियों को यह भी अवगत कराया गया कि बाल विवाह करना, करवाना या उसमें किसी भी प्रकार से सहयोग करना कानूनन अपराध है। विवाह से संबंधित किसी भी प्रकार की सेवा—जैसे कार्ड छपवाना, टेंट लगाना या भोजन बनाना भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आती है। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।



### निगरानी तंत्र होगा और मजबूत

प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर 'बाल विवाह मुक्त' निगरानी समितियों के गठन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर विशेष सतर्कता बरतने और सूचना तंत्र को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए, ताकि बाल विवाह की घटनाओं को समय रहते रोका जा सके।

### सामाजिक प्रभावों पर भी हुई चर्चा

कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह से बालिकाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, उनकी शिक्षा बाधित होती है तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि की आशंका रहती है। इसके साथ ही बच्चों के अधिकारों का भी हनन होता है। अधिकारियों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर इस नंबर पर तुरंत जानकारी दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।

## मांग

### सात दिवस पर कार्रवाई न होने पर कलेक्टर घेराव की चेतावनी

# मोहभट्ठा पंचायत में विकास ठप : खनिज न्यास राशि में गड़बड़ी के बाद खाता सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के बेरला जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहभट्ठा इन दिनों प्रशासनिक लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार के कारण सुर्खियों में है। खनिज न्यास की राशि में भारी वित्तीय गड़बड़ी सामने आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा पंचायत का खाता सीज कर दिया गया है, जिससे पिछले लंबे समय से विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं।

लगातार अनदेखी से आक्रोशित पंचायत प्रतिनिधियों ने जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर दोषियों पर कार्रवाई और खाता संचालन बहाल नहीं किया गया, तो वे समस्त जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों के साथ कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे। बताया जा रहा है कि खाता सीज होने के बाद वर्तमान सरपंच और उनकी टीम पिछले करीब 18 महीनों से लगातार जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ से खाता संचालन बहाल करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालांकि, हर बार केवल आश्वासन ही मिला, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले को लेकर सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों ने 2 फरवरी को आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर से गुहार लगाई थी। उस दौरान एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, लेकिन समय बीतने के बावजूद कोई प्रगति नहीं हुई। इसके बाद जनपद पंचायत बेरला की सामान्य सभा में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया, जहां सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर एसडीएम को जांच रिपोर्ट और संबंधित दस्तावेज सौंपकर राशि वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही गई। बावजूद इसके, लंबे समय तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थिति से नाराज सरपंच ने पुनः जनपद सीईओ से मुलाकात की, जहां कथित तौर पर कार्रवाई से इंकार कर दिया गया। इसके बाद उपाध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि बलराम पटेल, जनपद सदस्य नीरज राजपूत और सरपंच ने 16 मार्च को फिर से जनदर्शन में कलेक्टर से मुलाकात कर पूरे मामले की जांच प्रतिलिपि सौंपी और शीघ्र कार्रवाई की मांग की। यहां भी उन्हें जल्द कार्रवाई का आश्वासन मिला, लेकिन मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया।

### विकास कार्य प्रभावित, ग्रामीणों में आक्रोश

पंचायत का खाता सीज होने के कारण सड़क, पानी, स्वच्छता और अन्य जरूरी विकास कार्य पूरी तरह रुक गए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। लगातार ज्ञापन और चेतावनियों के बावजूद कार्रवाई नहीं होना जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन सात दिनों के भीतर क्या ठोस कदम उठाता है या फिर मामला यूं ही लंबित रहता है।

# सपाद लक्षेश्वर धाम में चातुर्मास करेंगे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिव गंगा धाम, सलधा में अध्यात्म और सेवा की नई धारा प्रवाहित होने जा रही है।

यहां आगामी संवत 2083 में ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा 'चातुर्मास व्रत अनुष्ठान' संपन्न किए जाने की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर आश्रम प्रांगण में एक व्यापक बैठक का आयोजन दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज के नेतृत्व में किया गया। बैठक में सलधा सहित आसपास के ग्रामीणों और सनातन धर्मावलंबियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आयोजन की सफलता के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई, जिसमें आवास, भोजन, यातायात और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। ग्रामीणों ने अपने सुझाव भी दिए, जिन्हें आयोजन की रूपरेखा में शामिल किया गया। बैठक में लिए गए सर्वसम्मत निर्णय के अनुसार एक प्रतिनिधिमंडल ने वाराणसी ▶▶| शेष पेज 11 पर

- शिव गंगा धाम सलधा में तैयारियां तेज, सवा लाख शिवलिंग मंदिर निर्माण को मिलेगी नई गति

# छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक और निर्णायक पहल : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं रायपुर शहर जिला भाजपा प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध चल रही लड़ाई को ऐतिहासिक और निर्णायक बताते हुए देश और प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के सशक्त नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते प्रदेश में नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी माहौल बना है।

राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की सक्रियता लगातार बढ़ी है। आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ खुफिया तंत्र, बेहतर रणनीति और त्वरित कार्रवाई के कारण नक्सलियों के नेटवर्क पर लगातार प्रहार हो रहा है, जिससे उनकी गतिविधियों में कमी दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि कई इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने केवल सुरक्षा उपायों तक सीमित न रहते हुए विकास को प्राथमिकता देकर इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में काम किया है। "विकास ही विश्वास का आधार है" की सोच के साथ दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। साथ ही युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

शर्मा ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पहले भय और अविकास का माहौल था, वहां अब सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। गांव-गांव तक विकास कार्य पहुंच रहे हैं और शासन की योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंच रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

- समन्वित प्रयासों से मजबूत हुई सुरक्षा व्यवस्था

### बस्तर में नक्सलवाद का अंतः मोदी-शाह की नीति का असरः प्रज्ञा निर्वाणी

**बेमेतरा।** बस्तर अंचल में नक्सलवाद के प्रभाव के लगभग पूर्ण अंत को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है,उन्होंने कहा कि जो क्षेत्र कभी भय और असुरक्षा का पर्याय था, वह आज शांति और विकास की राह पर अग्रसर है।



प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में बनी स्पष्ट रणनीति और प्रदेश के गृह मंत्री के लगातार सख्त कार्रवाई ने नक्सलवाद को जड़ से कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक बस्तर को केवल समस्या के रूप में देखा गया, लेकिन अब समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं, जहां पहले निर्णयों में दृढ़ता की कमी दिखाई देती थी, वहीं अब परिणाम ज़मीन पर स्पष्ट नजर आ रहे हैं। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि देश ने लंबे समय तक ऐसी परिस्थितियां भी देखीं जब नक्सलवाद को समाप्त करने की बजाय उसे केवल नियंत्रित ▶▶| शेष पेज 11 पर






## गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा, नगरभर में बंटी प्रसादी

# जैन समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाई महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर



नगर देवकर में जैन समाज द्वारा अहिंसा और करुणा के प्रतीक भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

सुबह से ही जैन समाज के लोगों द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे, झांकी और सुसज्जित रथ के साथ निकाली गई, जिसने नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों के सामने भगवान की पूजा-अर्चना कर पुष्प वर्षा की और श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया, वहीं जैन भवन के सामने विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन भवन में धार्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महिला मंडल, बालक-बालिका वर्ग एवं युवा मंडल के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी धार्मिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रमों का संचालन जैन नवयुवक मंडल द्वारा सुव्यवस्थित रूप से किया गया।

पूरे आयोजन के दौरान जैन समाज के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रखे गए और समाज के लोगों ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। धार्मिक प्रतियोगिताओं का सफल संचालन चंचल सालेचा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिनकी सराहनीय भूमिका रही। महावीर जयंती के इस आयोजन ने नगर में आपसी भाईचारे, शांति और अहिंसा का संदेश प्रसारित किया।

## खबर संक्षेप

### नरेश चंद्रवंशी सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



बोड़ला। जनपद पंचायत बोड़ला की सामान्य सभा की बैठकों के लिए सांसद प्रतिनिधि के रूप में नरेश चंद्रवंशी को सांसद संतोष पाण्डेय ने नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि वे इस विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जनपद पंचायत की बैठकों में क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और ग्रामीणों की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने का भी प्रयास रहेगा। नरेश चंद्रवंशी ने इस अवसर पर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने सांसद संतोष पाण्डेय सहित सभी वरिष्ठजनों एवं समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ करेंगे।

### क्राइम : मृतक के सगे भाई व परिजन ही निकले हत्या के मास्टरमाइंड, संपत्ति हड़पने की मंशा

# सेवानिवृत्त लेखापाल का अपहरण कर हत्या करने वाले 15 आरोपी किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस ने एक सनसनी खेज हत्या का खुलासा करते हुए सेवानिवृत्त लेखापाल का अपहरण कराकर हत्या करने वाले 11 आरोपियों सहित 04 नाबालिग को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस ने बकायदा प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले का खुलासा किया है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक गत 22 मार्च को थाना लालपुर में प्रार्थी बलबीर सिंह द्वारा परिजनों के साथ उपस्थित होकर अपने भाई दामोदर सिंह के घर नही आने के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज कराते हुए जानकारी दी थी कि 21 मार्च 2026 को उनका भाई दामोदर राजपूत रिटायर्ड लेखापाल शिक्षा विभाग उम्र 62 वर्ष की मोटर सायकल ग्राम मनोहरपुर राईस मिल रास्ते के पास पड़ी है। उनकी इस रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 11/26 कायम कर पतासाजी में लिया गया। पतासाजी के दौरान 21 मार्च को दामोदर सिंह के घर से निकलने से लेकर मोटर सायकल मिलने के स्थान, मृतक के लास्ट लोकेशन एवं मुंगेली जिले के सभी एन्ट्री एक्जिट पाइन्ट, सरहदी क्षेत्र के कैमरों की जांच करने पर एक सस्पेक्ट ईओन कार स्लेटी कलर की दामोदर सिंह के पीछे पीछे चलती हुई दिखाई दी, ईओन कार की पतासाजी करते-करते त्रिनयन एप के माध्यम से रूट चार्ट तैयार कर कैमरों का अवलोकन करते हुए, कैमरे पर वहीं ईओन कार दिखाई दी एवं शहर में लगे हाईटेक कैमरे में रेकी करते समय का ईओन कार नंबर सीजी 10 एसी 8986 ज्ञात हुआ। सस्पेक्ट कार हुण्डई ईओन कार क्रमांक सीजी 10 एसी 8986 का वाहन मालिक ग्राम झझपुरी के देवचरण साहू के नाम पर रजिस्ट्रर्ड होना पाया गया। देवचरण साहू से पुछताछ करने पर ग्राम झाफल के संजय यादव द्वारा कार को 01 दिन किराए पर लिए जाने की जानकारी भी सामने आई। पुलिस प्रशासन ने बताया कि प्रकरण मे संजय यादव को हिरासत मे लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि दामोदर सिंह के छोटे भाई रणजीत उर्फ मुन्ना राजपूत एवं उसके साले पालेश्वर सिंह राजपूत एवं चचेरे भाई रामपाल राजपूत द्वारा दामोदर सिह को मारने के लिए 10 लाख एवं 50 डिस्मील जमीन की सुपारी दी है, सुपारी मिलने के बाद काफी दिनों तक उनकी रेकी की गई। इसी दौरान जब उसें रणजीत सिंह ने बताया कि 21 मार्च को दुर्गा पूजा के लिए दामोदर को झाफल आने का निमंत्रण दिए है, तब सुनियोजित ढंग से संजय यादव ने अपने साथी प्रिन्स उर्फ श्रवण, योगेश उर्फ योगेश्वर गंधर्व स्वीपर मोहल्ला मुंगेली एवं नाबालिग को लेकर दिन में पीछा करते हुए मुंगेली से झाफल जाते हुए मनोहरपुर सुनसान रास्ते पर उसकी गाड़ी रोककर संजय यादव व प्रिन्स उर्फ श्रवण, योगेश उर्फ योगेश्वर गंधर्व स्वीपर मोहल्ला मुंगेली एवं नाबालिग ने दामोदर सिंह के गले मे गमछा डालकर उसकी हत्या कर दी।



#### देवसरा गांव मे जंगल मिला शव

आरोपियों ने इस हत्या को अंजाम देने के बाद मृतक के शव को ईओन कार क्रमांक सीजी 10 एसी 8986 मे भरकर उसकी लाश को ठिकाने लगाने नवरंगपुर डिन्डौरी होते हुए ग्रामीण रास्ते में ईओन कार खराब होने पर ईओन कार के मालिक देवराज साहू से टाटा स्पेशियों गोल्ड कार को मंगवाकर देवराज साहू के साथ मिलकर मृतक की लाश को स्पेशियों गाड़ी में शिफ्ट कर आरोपी संजय यादव व प्रिन्स उर्फ श्रवण, योगेश उर्फ योगेश्वर गंधर्व एवं नाबालिग ने कवर्धा जिले के पण्डरिया थाना अन्तर्गत देवसरा गांव मे जंगल अंदर नदी के नीचे गड्डे में डालकर रेत मे दफन कर वापस आ गए।

#### आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामद

इस खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी संजय यादव के निशानदेही पर मृतक दामोदर राजपूत का शव बरामद किया जिसके बाद मृतक के परिजनो ने कपड़े व अन्य वस्तुओं को देखकर मृतक की पहचान दामोदर सिंह राजपूत के रूप में की। जिसका पीएम पंचनामा कार्यवाही कर थाना लालपुर में आरोपियों के द्वारा षडय़ंत्रपूर्वक सुपारी देकर मृतक के जमीनों एवं अन्य संपत्तियों को हड़पने के नियत से अपहरण कर हत्या करना पाए जाने से अपराध क्रमांक 40/26 धारा 61(2), 10(1), 140(2), 2&8 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

#### हत्या करने वाले 11 आरोपियों सहित 04 नाबालिग गिरफ्तार

इस पूरे मामले में पुलिस ने हत्या करने वाले 11 आरोपियों सहित 04 नाबालिग को गिरफ्तार किया है। जिसमें रणजीत सिंह राजपूत पिता बारेलाल उम्र 55 वर्ष निवासी झाफल, थाना लोरमी (मृतक का भाई), पालेश्वर राजपूत पिता स्व.रामधुन उम्र 50 वर्ष निवासी झाफल, थाना लोरमी (मृतक के भाई रणजीत का साला), रामपाल सिंह राजपूत पिता आजुसिंह उम्र 53 वर्ष निवासी लोरमी, थाना लोरमी (मृतक का चचेरा भाई), पराग सिंह राजपूत पिता बलवीर सिंह उम्र 49 वर्ष निवासी झाफल, थाना लोरमी (मृतक के भाई बलबीर का पुत्र), हेमंत राजपूत पिता रणजीत उम्र 26 वर्ष निवासी झाफल, थाना लोरमी (मृतक के भाई रणजीत का पुत्र), अजय राजपूत पिता भुनेश्वर सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी सारधा (मृतक का भांजा), संजय यादव पिता लल्लुराम उम्र 37 वर्ष निवासी झाफल थाना लोरमी, श्रवण उर्फ प्रिंस गोई पिता श्याम उम्र 18 वर्ष निवासी जवाहर वार्ड मुंगेली, योगेश गंधर्व उर्फ योगेश्वर पिता राधेश्याम उम्र 18 वर्ष 10 माह निवासी कालीमाईवार्ड मुंगेली, देवराज साहू उर्फ दद्दु उर्फ देवकुमार पिता रामसहाय उम्र 23 वर्ष निवासी झझपुरीकला लोरमी, आशीष कारीकांत उर्फ धर्मेन्द्र उर्फ बाबु पिता धन्नू उम्र 20 वर्ष निवासी बस स्टैण्ड लोरमी एवं 04 विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं।

# कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग जिले का प्रश्न-पत्र हुबहू एक जैसा

### हर जिले में प्रश्न पत्र निर्माण समिति अलग-अलग तो प्रश्न पत्र एक कैसे?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला स्तर से जारी समय सारणी अनुसार कक्षा पहली से चौंथी, छठवीं व सातवीं की परीक्षा 30 मार्च से प्रारम्भ हो गया है। परीक्षा प्रारम्भ होना कोई नई बात नहीं है, क्योंकि यह कार्य हर वर्ष होता है। इस वर्ष परीक्षा खास इसलिए हो गया है, क्योंकि 30 मार्च से प्रारम्भ हुए वार्षिक परीक्षा में कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग जिले के कक्षा चौंथी के हिंदी, छठवीं के गणित व सातवीं के हिंदी का प्रश्न पत्र हुबहू एक जैसे मिला है। इसमें निर्देश सहित प्रश्न क्रमांक, प्रश्न व अन्य सभी जानकारी एक जैसा है। केवल तीन कक्षाओं का ही मिलान किया गया है, संभवतः कक्षा पहली से तीसरी भी मिलान करने पर एक जैसे हो सकते हैं। इन तीनों जिलों की परीक्षाएं एक साथ 30 मार्च से प्रारम्भ हुए हैं। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का कहना है कि जब हर जिले में अलग-अलग प्रश्न पत्र निर्माण समिति बनाया गया है तो तीन जिले के प्रश्न पत्र हुबहू एक जैसे कैसे हो सकते हैं? इसकी उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदारों पर उचित कार्यवाही आवश्यक है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ इंद्रावती भवन रायपुर ने तीन फरवरी 2026 को जारी पत्र में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि कक्षा पहली से चौथी, छठवीं व सातवीं के लिए जिला स्तर पर संचालन समिति, प्रश्न पत्र निर्माण समिति एवं मॉडरेशन समिति का गठन करें। प्रश्न पत्र निर्माण समिति द्वारा ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्रों के तीन सेट तैयार कराया जावे। मॉडरेशन समिति द्वारा प्रश्न पत्रों का मॉडरेशन किया जाए। जिला स्तरीय संचालन समिति के अनुशंसा पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रश्न पत्र का मुद्रण कराया जावे। अब सवाल यह उठता है कि जब प्रत्येक जिले के लिए प्रश्न पत्र निर्माण समिति बनाकर हर जिले को अपना प्रश्न पत्र प्रिंट कराना है, तब तीन जिले का प्रश्न पत्र हुबहू एक जैसे कैसे हो सकता है। सीधी सी बात है कि कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग में से कोई दो जिले ने अपने जिले के प्रश्न पत्र को प्रिंट कराने के बजाय दूसरे जिले के प्रश्न पत्र को ही प्रिंट करा लिया अर्थात किसी दो जिले ने प्रश्न पत्र निर्माण समिति के प्रश्नों को नहीं छपवाया, जो लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों का खुला उल्लंघन है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, सुरतिया साहू, मनोज चन्द्रवंशी, राजेश तिवारी, जोहन पुनाचा, दुर्गा चन्द्रवंशी, गणेश कुर्रे, धरम प्रकाश मिश्रा, उमेश चन्द्रवंशी आदि ने कहा कि कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग में से कोई दो जिले ने समिति बनाने का केवल दिखावा कर लोक शिक्षण संचालनालय को अंधेरे में रखा है। अतः इसकी उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग किया है।

#### ये इत्तेफाक नहीं हो सकता

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि तीन जिले का प्रश्न पत्र हुबहू एक जैसे होना इत्तेफाक नहीं ही सकता, क्योंकि दो अलग-अलग शिक्षकों या समितियों से पचासों बार प्रश्न पत्र तैयार कराया जावे, तब भी प्रश्न एक जैसे नहीं हो सकते हैं। यह सोंची समझी जानबूझकर किया गया कार्य है।

#### तीनों जिले की परीक्षा समय सारणी भी एक जैसा

खास बात यह है कि तीनों जिले कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग की परीक्षा समय सारणी भी एक जैसे है। समय सारणी में कक्षा पहली से चौंथी, छठवीं व सातवीं की परीक्षा तिथि व विषय समान है।

#### बांकी प्रश्न पत्र भी समान होने की संभावना

जिस प्रकार से परीक्षा के शुरुवात में ही तीनों जिले कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग का पहला प्रश्न पत्र एक समान मिला है, साथ ही परीक्षा समय सारणी भी समान है, उसे देखते हुए शेष बचे विषयों के प्रश्न पत्रों के समान होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# पंडरिया के सीमावर्ती वनांचल में फिर नजर आए जंगली हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत सीमावर्ती वनांचल ग्रामों में एक बार फिर जंगली हाथियों की दहशत देखी जा रही है। हालांकि मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के वन विभाग से मिली सूचना के बाद जहां पंडरिया वन अमला सतर्क हो गया है वहीं ग्रामीण भी चौकन्ने हो गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथी कुई से होते हुए मध्यप्रदेश के रामगुड़ा, त्यागपुर, सारसताल, गोपालपुर, बांसी देवरी, देवकरा एवं मिगड़ी के जंगलों में लगातार विचरण कर रहे हैं कर रहे हैं जो छत्तीसगढ़ के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत तीनगड्डा, पकरीपानी, भेलकी से लगे हुए ग्राम है। ऐसे में पंडरिया वन विभाग के अधिकारी इन हाथियों के दल पर नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया के जंगलों में इन दिनो एक वन भैंसा भी विचरण कर रहा है। जिसे हाल के दिनो में शिकारियों ने तीर मारकर घायल कर दिया था। ऐसे में इस बात की भी आशंका बनी हुई कि कहीं शिकारी हाथियों को भी नुकसान न पहुंचाएं। वन विभाग ने आमजन के लिए जरूरी अपील जारी करते हुए हाथियों से कम से कम 250 मीटर की दूरी बनाए रखने और किसी भी हालत में उनके पास न जाने न ही उन्हें उकसाने की अपील की है।वन विभाग ने लोगों से कहा कि फोटो या वीडियो लेने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में न डालें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत वन विभाग या स्थानीय प्रशासन को सूचना दें।

# बढ़ती गर्मी में दम तोड़ रहे अंचल के हैण्डपंप, नीचे गिर रहा जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



लगातार बड़ रही तपिस का विपरत प्रभाव अब जल स्तर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। इस बढ़ती तपिश में जहां अंचल के जल स्त्रोतों से लगातार पानी गायब होते जा रहा है। वहीं जमीन के नीचे भी जल स्तर गिर रहा है। जिससे लोगों को पेयजल के साथ ही निस्तारी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से कुछ ऐसी ही समस्या सामने आई है। बताया जा रहा है कि गांव के वार्ड क्रमांक 1 ब्राह्मण पारा का हैंड पंप का जलस्तर लगातार नीचे गिर गिर हा है। जिसके कारण अब 5-10 मिनट हैण्ड पंप चलाने के बाद ही पानी ऊपर चढ़ रहा है और लोगों को पानी मिल पा रहा है। लेकिन समस्या इतनी भर नहीं है ग्रामीणों के मुताबिक हैण्ड पंप जो पानी उगल रहा है वहीं भी मटमेला हो चुका है जो पीने योग्य नहीं है। ऐसे में अब ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। इसी प्रकार ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों की निस्तारी का प्रमुख स्त्रोत तालावों का पानी भी बढ़ती गर्मी में तेजी से कम हो रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत तथा प्रशासन से व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है ताकि आने वाले दिनो में समस्या गहरा न पाए।

### महावीर जन्म कल्यांनक महोत्सव का भव्य आयोजन, निकाली गई शोभायात्रा



कवर्धा। सकल जैन श्री संघ कवर्धा ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान महावीर की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ श्रृद्धा भक्ति से मनाई। 2625 भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली। इस विशाल जुलूस में बैंड की मनमोहन धुन के साथ बालाएं स्कूटर रैली में आगे चल रही थी। भगवान की पवन डोली को श्रद्धालु पूजा के वस्त्र में कंधे पर लिए चल रहे थे। श्रावक एवं श्राविकाओं द्वारा भक्ति गीत का गान श्रद्धा भाव से किया जा रहा था। इसमें युवाओं का जोश तो देखते ही बन रहा था। महावीर स्वामी चौक में सभी श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति में पूजन के उपरांत ध्वजारोहण किया गया। मार्ग में शोभायात्रा का स्वागत अन्य समुदायों द्वारा भी किया गया। शोभायात्रा का समापन जैन मंदिर परिसर में किया गया, जहां पूजन के उपरांत सामूहिक गौतम प्रसादी सभी ने ग्रहण की। संपूर्ण कार्यक्रम को सुचारू शानदार रूप से संपन्न कराने में पूरे समाज का अविस्मरणीय योगदान रहा। रात्रि में प्रभु की महा आरती आयोजन मे भक्ति भाव देखते ही बना। भगवान महावीर की जयंती को लेकर सकल जैन श्री संघ कवर्धा के सभी श्रावक श्राविकाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

### आयोजकों द्वारा भव्य झांकी, शोभा यात्रा और भंडारे का किया जाएगा आयोजन

# बोड़ला में हनुमान जन्मोत्सव जोरशोर से मनाने की तेयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



जिले के नगर पंचायत बोड़ला में 2 अप्रैल, गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बोड़ला नगर में हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा भव्य और आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर महामाया झांकी, नागपुर द्वारा विशाल और मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। झांकियों के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। नगर के अति प्राचीन राम जानकी मंदिर में प्रातःकाल से ही धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत होगी। सुबह से मंदिर परिसर में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तगण बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और भगवान हनुमान की भक्ति में लीन रहेंगे। इसके पश्चात मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरे शहर का भ्रमण करेगी। शोभा यात्रा में सजी-धजी झांकियां, भजन-कीर्तन मंडलियां और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शामिल रहेगी, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में रंग जाएगा। शोभा यात्रा के समापन पर पुनः राम जानकी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें सभी भक्तों को आमंत्रित किया गया है। हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। पूरे आयोजन को लेकर समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं, जिससे यह पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्यता से मनाया जायेगा।

# कबीरधाम जिले के 97 प्रतिशत पंजीकृत मजदूरों का ई-केवाईसी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

1 अप्रैल 2026 से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी जी राम जी योजना) नए कानून के रूप में महात्मा गांधी नरेगा के स्थान पर प्रतिस्थापित हो रहा है। वर्तमान में इस योजना के सभी निर्माण कार्यों में लगे पंजीकृत श्रमिकों की उपस्थिति एनएमएमएस द्वारा फेस रीडिंग से हो रहा है। केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार एनएमएमएस में ई-केवाईसी किया जाना है। ऐसे श्रमिक जिन्होंने अपना ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराया है उन्हें इस योजना में रोजगार प्रदान नहीं किया जा रहा है। नई योजना में पारदर्शिता एवं जवाबदेही प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों की उपस्थिति कार्यस्थल पर दर्ज की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि कबीरधाम जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत 364960 एक्टिव पंजीकृत श्रमिक है। हमारे मैदानी कर्मचारी निर्माण स्थलों पर एवं घर-घर जाकर ई-केवाईसी का कार्य युद्ध स्तर पर कर रहे हैं। कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत ऑनलाइन अटेंडेंस का कार्य मार्च महीने से ही प्रारंभ हो चुका है तथा ऐसे व्यक्ति जिनका ई-केवाईसी पूर्ण नहीं हुआ है वर्तमान में उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है। अतः पंजीकृत श्रमिक जो किन्हीं कारण से अपना ई-केवाईसी एनएमएमएस एप्प में नहीं कराए हैं उन सभी से आग्रह करना चाहूंगा कि वह अपने ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक या सचिव से संपर्क कर एनएमएमएस में ई-केवाईसी का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। अन्यथा राज्य शासन के निर्देशानुसार ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं होने के कारण उन्हें रोजगार देने में परेशानियां उत्पन्न होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में 97 प्रतिशत पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण कर लिया गया है। योजना में कुल 364960 पंजीकृत श्रमिक एक्टिव है जिनमें से 352858 श्रमिकों का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है। केवाईसी के लिए मात्र 12102 श्रमिक आज की स्थिति में शेष है।

## खबर संक्षेप



### सोमनापुर में दो दिवसीय श्री हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन आज

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम सोमनापुर में श्री हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नवीन हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा व पूजा-अर्चना सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें। जिसमें 1 अप्रैल को श्री अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। वहीं 2 अप्रैल को मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा, हनुमान जयंती महोत्सव एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा। यह आयोजन जनपद उपाध्यक्ष पंडरिया छत्र किशोर सानू तिवारी के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिसमें सुबह 11:00 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें गांव में भव्य रैली भी निकाली जाएगी। वहीं आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

### संभागीय सरस मेला-2026 में सम्मानित हुए रामकृपाल सिरश्याम

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान



अंतर्गत गत दिनों सरदार पटेल मैदान में आयोजित संभागीय सरस मेला कार्यक्रम में गायक रामकृपाल सिरश्याम द्वारा शानदार मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि तथा जनप्रतिनिधियों ने सराहना की। साथ ही साथ गायक रामकृपाल सिरश्याम को सम्मानित किया गया।

### रणवीरपुर में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**हरिभूमि रणवीरपुर।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत रणवीरपुर मंडल में 29 से 30 मार्च तक दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं जनसंपर्क के विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य वक्ता पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं में आत्मगौरव की भावना जागृत की। उन्होंने प्रदेश को माता कौशल्या की भूमि एवं भगवान राम के ननिहाल के रूप में उल्लेखित करते हुए इसके गौरवशाली इतिहास को रेखांकित किया। साथ ही वीर नारायण सिंह और गुंडाधुर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल अध्यक्ष नरेश साहू, महामंत्री धरम पाल कौशिक, दारा सिंह राजपूत, बसंत बोहरा, विकास वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### कैंसर जांच से लेकर गौसेवा तक, जैन समाज ने रचा सेवा का इतिहास

# भक्ति, सेवा और मानवता का दिखा संगम

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर में महावीर जन्म कल्याणक इस वर्ष केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह महोत्सव सेवा, समर्पण और सामाजिक जागरूकता का विशाल अभियान बनकर उभरा। सकल जैन श्री संघ के नेतृत्व में 22 मार्च से शुरू बहुआयामी आयोजन ने पूरे शहर को एक सूत्र में पिरोते हुए अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह निकलने वाली प्रभात फेरियों ने शहर के सभी 20 वार्डों में धर्म और भक्ति का वातावरण निर्मित किया। भगवान महावीर चौक से प्रारंभ होकर ये फेरियां अलग-अलग मार्गों से गुजरते हुए शहर की प्रमुख गौशालाओं तक पहुंचीं।

24 मार्च को श्रीराम गौशाला किल्लापारा में, 26 मार्च को रूख्खड़ स्वामी गौशाला में और 28 मार्च को मनोहर गौशाला में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गायों को आहार खिलाया। यह केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं बल्कि जीव दया के सिद्धांत को व्यवहार में उतारने का जीवंत उदाहरण बना। हर दिन प्रभात फेरी का समापन महावीर चौक में हुआ, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

### निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा

महोत्सव का मुख्य आकर्षण भव्य शोभायात्रा रही जो भगवान महावीर चौक से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दादाबाड़ी तक पहुंची जहाँ पूरे दिन नवकारसी, स्वामी वात्सल्य और सम्मान समारोह हुआ इस दौरान समाज के बच्चे बुजुर्ग सहित महिलाए व युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।





### 307 रक्तवीरों ने दिया जीवनदान, हेलमेट वितरण बना आकर्षण

25 मार्च को जैन यूथ क्लब द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 307 युवाओं और नागरिकों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदाताओं को हेलमेट वितरित कर सडक सुरक्षा का संदेश भी दिया गया, जिससे यह आयोजन सामाजिक जागरूकता का भी माध्यम बन गया। 29 मार्च को कुशल पैलेस में सुबह 8 से 9 बजे तक नवकार मंत्र का जाप हुआ। इस दौरान समाज के लोगों ने विश्व शांति, सुख और समृद्धि की कामना करते हुए सामूहिक साधना की, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

### साइबर सुरक्षा से लेकर कैंसर जांच तक हर क्षेत्र में पहल

भारतीय जैन संघटना के नेतृत्व में आयोजित साइबर जागरूकता शिविर में साइबर प्रभारी धर्मेंद्र वैष्णव एवं उनकी टीम ने लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए। 27 मार्च को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की पिंक वेन के माध्यम से 55 लोगों की निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग की गई, जबकि कुल 150 नागरिकों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिसाल, सैकड़ों लोगों को मिला लाभ

स्वास्थ्य सेवाओं ने इसे जनहित का बड़ा अभियान बना दिया। 22 मार्च को आयोजित रक्त जांच शिविर में 69 प्रकार की जांच मात्र 700 रुपए में उपलब्ध कराई गई, जिसका लाभ 140 नागरिकों ने उठाया। 24 मार्च को बाफना भवन में आयोजित विशाल आयुर्वेदिक शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग 150 मरीजों का उपचार किया गया और निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

### टीबी मरीजों को मिला पोषण

30 मार्च को जैन समाज के सदस्य सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां मरीजों को स्टील पानी बोतल, हेडवॉश सहित उपयोगी सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही भारतीय जैन संघटना द्वारा 21 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार प्रदान कर उनके स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इस दौरान रोज शाम को दादाबाड़ी मे आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों ने महोत्सव को और भी भव्य बना दिया। 28 मार्च को वाणी महावीर कार्यक्रम में महिला मंडल ने शानदार प्रस्तुति दी। 30 मार्च को संस्कारों की शक्ति कार्यक्रम में बहु मंडल की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। 31 मार्च को भाव यात्रा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन होगा।

# जिला स्तरीय प्रमुख जन गोष्ठी में संघ की कार्यपद्धति, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिला इकाई द्वारा साहू छात्रावास भवन प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित किया गया, मुख्यवक्ता के तौर पर सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री एवं संघ के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कनिराम रहे। मंच पर विभाग संघचालक डॉ. कमलेश निषाद एवं जिला संघचालक राजकुमार देवांगन की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न समाज प्रमुखों, मातृशक्ति एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। प्रारंभ में 'जिज्ञासा समाधान' सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित नागरिकों ने संघ से जुड़े अपने प्रश्न रखे, जिनका समाधान मुख्यवक्ता द्वारा किया गया। अंत में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर मुख्यवक्ता सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री एवं संघ के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कनिराम ने कहा कि संघ का मूल कार्य भारत की श्रेष्ठ सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन करना है। उन्होंने बताया कि संघ की कार्यपद्धति शास्त्रसम्मत और समाज आधारित है, जिसमें हर आयु वर्ग के लोगों के लिए अलग-अलग कार्यक्रमों की संरचना की गई है। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा में कोई भी व्यक्ति आ सकता है और शाखा की विशेष कार्यप्रणाली के कारण सामान्य स्वयंसेवक भी समाज को साथ लेकर असामान्य कार्य करने में सक्षम हो जाता है। संघ का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र को परम वैभव के शिखर तक पहुंचाना है।

मुख्यवक्ता ने स्पष्ट किया कि संघ में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है, जिसकी अनुभूति स्वयं महात्मा गांधी ने वर्धा स्थित संघ शिविर में की थी। उन्होंने बताया कि भारत की प्राचीन परंपराओं और ऋषि-परंपरा से प्राप्त ज्ञान को संघ समाज में पुनः प्रवाहित करने का कार्य कर रहा है।

कनिराम ने कहा कि संत परंपरा ने देश के विभिन्न प्रांतों में "भारत एक राष्ट्र है" का संदेश दिया। उन्होंने महाराष्ट्र के संत ज्ञानेश्वर, तुकाराम, एकनाथ, असम के शंकरदेव, बंगाल के चैतन्य महाप्रभु और छत्तीसगढ़ के बाबा घासीदास का उल्लेख करते हुए कहा कि इन संतों ने समाज में एकता और समरसता का भाव जगाया। उन्होंने यह भी कहा कि इतिहास में उत्पन्न सामाजिक विषमताओं और कुरीतियों को समाप्त करने के लिए संघ पिछले 100 वर्षों से सतत प्रयासरत है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ 'पंच परिवर्तन' के विषय को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है।

# 27 वरिष्ठ दंपतियों का सम्मान, जैन समाज की अनूठी पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सकल जैन श्री संघ के बैनर तले विहार सेवा दल कवर्धा द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के 27 वरिष्ठ दंपतियों का उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मान किया गया। जैन मंदिर परिषर में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सुश्री पलक लोढ़ा के मंगलाचरण से हुई। फूले चून्दड़ी थीम पर आधारित आयोजन का संयोजन श्रीमती रश्मि बाफना एवं श्रीमती किरण नाहटा ने किया। इस दौरान अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, डॉ मोहन जैन एवं श्रीमती मीना जैन सहित अन्य वक्ताओं ने दांपत्य जीवन में समर्पण, सहनशीलता और आदर्शो के महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम में लघु नाटिका के माध्यम से पारिवारिक मूल्यों पर संदेश दिया गया, वहीं बाल कलाकारों के नृत्य-गीत एवं हर्षल राखेचा के एकल गीत ने दर्शकों का मन मोह लिया। वर्षी तप करने वाले हेमंत देढ़िया, जवेरी परिवार तथा उनकी धर्मसहायिकाओं सहित अन्य प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। बाल कलाकारों को प्रशिक्षण देने के लिए आहना बोथरा को भी सम्मानित किया गया। आयोजकों की ओर से विकास सेठिया ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। श्वेतांबर मूर्ति पूजक जैन संघ अध्यक्ष खुशाल टाटिया ने कार्यक्रम को सराहनीय बताया। आयोजन भगवान महावीर जन्म कल्याणक समारोह की श्रृंखला के तहत संपन्न हुआ।

# पीएम सड़क जर्जर, मरम्मत नहीं होने से ग्रामीण परेशान

- शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से की गई मरम्मत कार्य की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी से घोरपेंड्री तक बनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा नई सड़क निर्माण और कनेक्टिविटी को लेकर कार्य किए जा रहे हैं, जिसकी सराहना पूरे पंडरिया क्षेत्र में हो रही है, वहीं दूसरी ओर पहले से बनी सड़क की अनदेखी की जा रही है। बताया जाता है कि इस सड़क की 5 साल की गारंटी होती है, जिसके अंतर्गत हर वर्ष मरम्मत और रख-रखाव का कार्य किया जाना अनिवार्य रहता है। बावजूद इसके यहां न तो समय पर मरम्मत हो रही है और न ही साफ-सफाई या रखरखाव के कोई कार्य दिखाई दे रहे हैं। सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और गड्ढों में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सड़क गारंटी अवधि में है तो ठेकेदार द्वारा नियमित मरम्मत क्यों नहीं कराई जा रही है। केवल बोर्ड लगाकर गारंटी दर्शाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमों के अनुसार कार्य होना भी आवश्यक है।

जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सड़क की मरम्मत कराई जाए। यदि सड़क की गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है, तो उसे पुनः स्वीकृति देकर सुधार कार्य शुरू किया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# कान्हाभैरा में सीसी रोड व नाली निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम पंचायत कान्हाभैरा में लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण की मांग को पूरा करते हुए नई सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती छैली सुरेंद्र चंद्रवंशी ने श्रीफल एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्राम विकास को प्राथमिकता देते हुए 15वें वित्त आयोग की राशि से प्रमुख मार्गो का सीसी रोड निर्माण कराया जा रहा है।

# छात्र सुयश गुप्ता ने 97.7 एवं सुयज्ञ गुप्ता ने 97.6 प्रतिशत के साथ स्कूल में टॉप किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



होली किंगडम स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा आठवीं के छात्र सुयश गुप्ता ने 97.7 एवं सुयज्ञ गुप्ता 97.6 प्रतिशत के साथ स्कूल में टॉप किया। वहीं छठवीं से आठवीं तक लगातार दोनों भाई स्कूल में टॉप कर स्कूल एवं शहर का गौरव बढ़ाया। दोनों छात्र श्रीमती सुलेखा गुप्ता साहित्यकार डॉ सुनील गुप्ता तन्हा के सुपुत्र हैं।

बचपन से ही दोनों छात्र ड्राइंग-पेंटिंग करने के साथ-साथ अच्छे रचनाकार भी हैं दोनों छात्राओ को हिंदी काव्य-लेखन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर 10 पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य जोश थॉमस, शिक्षक- शिक्षिकाओं ने तथा कसौधन वैश्य गुप्ता समाज ने दोनों छात्रों को बधाई दिया है।

### आरपीएस स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक, खिलाड़ियों में उत्साह

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं एशिया बॉल बैडमिंटन महासंघ द्वारा आयोजित 5 देशों की टेस्ट सीरीज भारत, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया में विद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि पूर्व विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन टीम में चयनित होकर भारत का प्रतिनिधित्व किया तथा गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय, कवर्धा जिला एवं देश का नाम रौशन किया। यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए भी गर्व की बात है कि एक ही विद्यालय के 4 खिलाड़ियों ने एक ही वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस गौरवशाली उपलब्धि में खिलाड़ी बंटी चंद्रवंशी, क्षमानिधि जांगड़े, रिया तिवारी एवं तनु चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा। साथ ही विद्यालय की पीटीआई लता साहू एवं कोच अविनाश चौहान के कुशल मार्गदर्शन में सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक डॉ पीपी चंद्रवंशी, निर्देशक डॉ आदित्य चंद्रवंशी, प्राचार्या श्रीमती एम शारदा एवं उपप्राचार्य भैरव पाल द्वारा खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी खिलाड़ियों ने बारी-बारी से अपने अनुभव साझा किए और बताया कि उन्होंने अपने बीते वर्षो में विद्यालय से प्राप्त मार्गदर्शन, अनुशासन एवं प्रशिक्षण के बल पर यह सफलता हासिल की। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### श्री हनुमान ऐसे देवता हैं जिनके बिना राम क्या? श्रीकृष्ण का भी काम नहीं चलता

# श्री हनुमान का भजन करने से दुःख दूर होता है और सब सुख मिलता है: पं आनंद उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



धर्म नगरीय ग्राम पलानसरी में यज्ञाचार्य पं चंद्रभूषण पाठक के आचार्यत्व में श्री हनुमत यज्ञ और हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। वहीं ग्रामाचार्य पं हरिहर प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में याज्ञिक विद्वानों के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से यज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम कराया जा रहा हैं। श्री हनुमान यज्ञ में चौथे दिन प्रवचन कर्ता पं आनंद उपाध्याय ने बताया कि श्री हनुमान महाराज का भजन-पूजन करने से कलियुग में बहुत जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं।

उन्होने बताया कि जो हनुमान महाराज का भजन करता है, उसका कष्ट और दुःख दूर हो जाता है तथा सभी प्रकार का सुख मिलता है। यहां सभी को भूख और प्यास लगती है पर जो तन और मन की प्यास सुख, समृद्धि, प्रसंशा आदि को पाने के लिए नकली संत के पास जाता है उसका सर्वनाश हो जाता है। जैसे राजा प्रताप भानु, वो भी काम, क्रोध, लोभ, मोह व संशय के जंगल में भटक गए और अपनी प्यास बुझाने नकली संत एकतनु के चक्कर में पड़े विनाश हो गया। माता सीता की खोज करते वानर भालु भी जंगल में भूख और प्यास से व्याकुल हो गए पर वे अपनी भूख प्यास मिटाने सच्चे संत हनुमान महाराज के पास गए और उनको भक्ति सीता और भगवान मिले। श्रीराम चरित मानस में कई बडभागियों का वर्णन आया है पर श्रीराम भक्त हनुमान के समान कोई बड़भागी नहीं है। क्योंकि त्याग, सेवा, समर्पण, आज्ञा-पालन और भजन का अनोखा संगम है इनके जीवन में अहंकार तो है ही नहीं। श्री हनुमान महाराज भगवान श्रीराम के कार्य को करने के लिए सदैव आतुर रहते हैं, वही विद्यावान है वही गुनी है, वही चतुर जो भगवान का काम करे। श्री हनुमान ऐसे देवता हैं जिनके बिना राम क्या? श्रीकृष्ण का भी काम नहीं चलता। कलियुग में तुलसीदास को भगवान श्रीराम का दर्शन करा दिए, श्री हनुमान महाराज प्रत्यक्ष देवता हैं जो आज भी गंधमादन पर्वत पर भजन कर रहे हैं और निरंतर जहां जहां कथा होती है वहां वहां श्री राम कथा का श्रवण करते रहते हैं।

## पेज 9 के शेष

### सपाद लक्षेश्वर धाम में ...

(उत्तर प्रदेश) पहुंचकर शंकराचार्य जी के समक्ष अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया, जहां से उनके आशीर्वाद एवं सहमति प्राप्त हो चुकी है। इससे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है।

**ऐतिहासिक मंदिर निर्माण को मिलेगी गतिः** इस आयोजन का प्रमुख केंद्र शिव गंगा धाम में निर्माणाधीन सवा लाख शिवलिंग मंदिर रहेगा। अपनी अनूठी संरचना और भव्यता के कारण यह मंदिर भविष्य में विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। स्थानीय श्रद्धालुओं का मानना है कि शंकराचार्य जी के सानिध्य में चातुर्मास होने से न केवल आध्यात्मिक वातावरण सशक्त होगा, बल्कि मंदिर निर्माण कार्य को भी नई ऊर्जा और गति मिलेगी।

महाशिवरात्रि की तैयारियों पर भी मंथन बैठक में आगामी महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों पर भी विशेष चर्चा की गई। मंदिर के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और आयोजन को भव्य बनाने के लिए सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर इस ऐतिहासिक धाम को पूर्ण स्वरूप देने का भरोसा जताया। इस अवसर पर गौतम जैन, नटराज पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, भवानी मंडल, अंगद साहू, लेखमणी पांडेय, जितेंद्र शुक्ला, जय पांडेय, डीके तिवारी, संजीव तिवारी, सुदर्शन साहू, गजानंद शर्मा, प्रवीण दुबे, राजेंद्र तिवारी, घनश्याम आदिवासी, सुनील दत्त दुबे, जलेश्वर पटेल, बुलाक साहू सहित सैकड़ों धर्मानुरागी उपस्थित थे।

### बस्तर में नक्सलवाद का ...

करने तक सीमित प्रयास किए गए। लेकिन आज की सरकार ने इस सोच को बदलते हुए निर्णायक कार्रवाई का मार्ग अपनाया है। बस्तर का परिवर्तन केवल एक क्षेत्र की सफलता नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है। आज हर भारतीय को विश्वास है कि देश मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है ।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शराब के साथ युवक पकड़ाया, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बाजार चौक, ग्राम चुनकट्टा उतई निवासी हरेन्द्र कुमार बंजारे उतई क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन व बेचने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम राठी कॉम्पलेक्स के पास, ग्राम चुनकट्टा में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 29 पौवा देशी मदिरा प्लेन कुल 5.220 बल्क लीटर, नगदी 150 रुपए,बाइक जब्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत टीम का योगदान रहा है।

### म्यूल अकाउंट के खेल में 10 गिरफ्तार

**भिलाई।** म्यूल अकाउंट के खेल में पुलिस ने दस आरोपियों को पुलिस किया है। पुलिस ने बताया कि गृह मंत्रालय के अधीन संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र पोर्टल से मोहन पुलिस को सूचना मिली। कर्नाटक बैंक शाखा स्टेशन रोड दुर्ग में संचालित 111 बैंक खातों का जांच किया गया। जांच में पाया गया कि खातों का उपयोग देश के विभिन्न स्थानों से साइबर ठगी की राशि को प्राप्त करने के लिए किया गया। कुल करीब 86. 33 लाख 247 रुपये का अवैध लेन-देन पाया गया। जांच के दौरान खाता धारकों का शिनाख्त कर मधु साहू, ज्योति गौतम,फरहद खान, भूपेश गोहिल, अजय कुमार उर्फ मोनू, मसीर आलम, नवीन भागवत, भूपेंद्र कुमार टंडन, संतोष बिसाई, हीरा सिंह को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि आर्थिक लाभ के लिए बैंक खातों को साइबर ठगी के लिए उपयोग में लाया जाता था। इनके पास से पुलिस ने बैंक खातों के दस्तावेज, मोबाइल फोन, अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किया गया।

### हेरोइन तस्करी करने वाले तीन, गिरफ्तार



**भिलाई।** हेरोइन तस्करी मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार क्षेत्र के मिनी स्टेडियम सुलभ शौचालय के पास आरोपियों द्वारा हेरोइन रखकर उसे बेचने की सूचना पुलिस को मिली थी। घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों में कलेर गुमान कलसिया अमृतसर पंजाब हाल ही में तेलहानाला खुर्सीपार निवासी विजय सिंह जवाहर नगर बसंत विहार वैशाली नगर मीर नौशाद अली, जवाहर नगर बाम्बे आवास सुरेन्द्र क्षत्रिय बताया है। हेरोइन की कीमत 8.65 लाख 800 रुपए आंकी गई है। विजय सिंह का पंजाब से लिंक है। जहां से हेरोइन को लाकर भिलाई-दुर्ग में सप्लाई करता था।

### ट्रेन से कटे युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त

**भिलाई।** भिलाई रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। मामला 28 मार्च 2026 का है, जहां प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पास सिग्नल के समीप रेलवे ट्रैक किनारे युवक का शव मिला। जानकारी के मुताबिक, स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान शव को कब्जे में लेकर सुपेला अस्पताल के मरचुरी में सुरक्षित रखवाया गया। इस मामले में जीआरपी थाना भिलाई-3 में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। उसका रंग गोरा, कद लगभग 5 फीट 3 इंच और शरीर इकहरा है। युवक ने काले-सफेद रंग की शर्ट और आसमानी नीले रंग की जींस पहन रखी थी। एक हाथ से वह दिव्यांग भी बताया जा रहा है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस युवक के बारे में कोई जानकारी हो तो तत्काल भिलाई रेलवे पुलिस से संपर्क करें, ताकि परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके।

## आयोजन

### जिलेभर में रही आयोजन की धूम अहिंसा और शांति का दिया संदेश

# महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर मंगलवार 31 मार्च को बेमेतरा जिले सहित बीजा क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास और भव्यता का अद्भुत संगम देखने को मिला। "अहिंसा परमो धर्म" और "जियो और जीने दो" के संदेश के साथ आयोजित इस महापर्व में जैन समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सुबह जैन मंदिर में विशेष अभिषेक, शांतिधारा और पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। बीजा जैन श्री संघ द्वारा आयोजित प्रभात फेरी और भव्य शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को सुसज्जित रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया, जहां "महावीर स्वामी की जय" के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा में पुरुष श्रद्धालु श्वेत वस्त्रों में और महिलाएं केसरिया परिधान में शामिल होकर अनुशासन और भक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते नजर आए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।



**अहिंसा, सत्य और त्याग के मार्ग पर चलने का संदेश दिए भगवान महावीर ने**



**साजा।** भगवान महावीर स्वामी के पावन जन्मकल्याणक महोत्सव पर मंगलवार को जैन श्री संघ साजा के तत्वावधान में शोभा यात्रा निकाली गई। महोत्सव पर पूज्य साध्वी शासन दीपिका श्री सुप्रतिभा जी म. सा. के प्रवचन श्रवण किया। दोपहर में जैन युवा मित्र मण्डल द्वारा शरबत वितरण किया गया और गौ माता को गुड़ रोटी खिलायी गई, जिसमें जैन समाज साजा के सभी वर्ग वरिष्ठ सदस्य, श्री संघ युवा मंडल महिला मंडल ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय प्रशासन का सराहनीय सहयोग रहा ।

केवल बीजा ही नहीं, बल्कि साजा, परपोडी, थानखम्हरिया, देवकर, बेरला, दाढ़ी और नवागढ़ सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी महावीर जन्मोत्सव की धूम रही। साजा और परपोडी में प्रभात फेरी निकालकर अहिंसा का संदेश दिया गया, वहीं थानखम्हरिया और देवकर में भव्य शोभायात्राओं के माध्यम से भगवान की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। अन्य क्षेत्रों में भी जैन श्री संघ द्वारा धार्मिक अनुष्ठान, भंडारा, फल वितरण और जीव दया जैसे सेवा कार्य किए गए।

इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व अशांति और हिंसा के दौर से गुजर रहा है, तब भगवान महावीर के सिद्धांत मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। बीजा जैन श्री संघ के अध्यक्ष गौतम चंद मालू ने कहा कि "आज के समय में भगवान महावीर का अहिंसा का मार्ग ही मानवता को बचा सकता है। यह महोत्सव हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक एकता का प्रतीक है।

# न्यायालय में बिताए गए काम के हर पल मेरे लिए यादगार रहेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

व्यवहार न्यायालय साजा के न्यायिक दंडाधिकारी विवेक केरकट्टा के स्थानांतरण होने पश्चात बार एसोसिएशन साजा के सभागार में विदाई समारोह के दौरान न्यायाधीश केरकट्टा ने भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि साजा के अधिवक्तागणों के साथ जो समय मैंने बिताए हैं, निश्चित ही वह समय यादगार पल है।

हम एक अधिकारी हैं, न्यायिक व्यवस्था के तहत कार्य की सुनवाई करना पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों, जो अधिवक्ता प्रस्तुत करते हैं उनका श्रवण कर और साक्ष्य के आधार पर न्यायाधिष्ठानों के तहत बिना पक्षपातपूर्ण आदेश की प्रक्रिया होती है, जिसमें एक पक्ष को भले निराशा हो सकती है, जिनके लिए उच्च अदालतों में अपील का अधिकार सुरक्षित है, किंतु संपूर्ण नई व्यवस्था के तहत अधिवक्ताओं के बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित होना अपने आप में अहम पहलू है। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौबे, सागर दास मानिकपुरी, विनोद शर्मा, हरिशरण क्षत्रिय, वरिष्ठ अधिवक्ता शुक्ला सहित अन्य अधिवक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। इस दौरान अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें शाल उढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान अधिवक्ता संघ उपाध्यक्ष दिनेश साहू, गोकुल राजपूत, सचिव अजय गोस्वामी, सह-सचिव मनोज वर्मा, ग्रंथपाल कविता गोसाई, मनोज राजपूत, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय जोशी, विनोद शर्मा, योगेंद्र सिंह राजपूत, अजय देवांगन, अमरदास रात्रे, हरिशरण क्षत्रिय, दिनेश साहू, होलेश सिंह, चंद्रप्रकाश कन्नौज सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा के 62वें महाधिवेशन में किया गया नवाचारी शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ सामूहिक विवाह और सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे आकर्षण

राजपूत क्षत्रिय महासभा के 62वें महाधिवेशन का भव्य आयोजन जोन क्रमांक-05 राजनांदगांव की उपसमिति डोंगरगांव के आतिथ्य में 28 एवं 29 मार्च 2026 को जन सहयोग मैदान, मिनी स्टेडियम डोंगरगांव में संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस गरिमामयी आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। महाधिवेशन में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उपसमिति मर्रा से नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस (शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा, विकासखंड नवागढ़), जिन्हें वर्ष 2026 के लिए राज्यपाल पुरस्कार हेतु नामांकित किया गया है, तथा शासकीय प्राथमिक शाला मल्दा (विकासखंड नवागढ़) के प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस (मचांदुर निवासी), जिन्हें मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण 'शिक्षादूत' से सम्मानित किया जा चुका है, को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष ठा. बजरंग सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष ठा. पंकज कुमार भुवाल, कोषाध्यक्ष ठा. नीरज सिंह क्षत्रिय, महासचिव ठा. अशोक सिंह सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाधिवेशन के दौरान महिला मंडल द्वारा परिचय सम्मेलन, कैरियर काउंसलिंग, महिला उत्थान एवं समाजहित से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही, महाराणा प्रताप साहित्य परिषद द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका 'शौर्य 2026' का विमोचन भी किया गया।




सांस्कृतिक संध्या में प्रतिभाशाली बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, वहीं मातृशक्तियों द्वारा रंगोली, मेहंदी, पुष्प सज्जा एवं आरती थाल सजाओ प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं।

समाज में सादगी और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देते हुए अधिवेशन स्थल पर वैदिक रीति से एक दिवसीय सामूहिक विवाह का आयोजन भी किया गया, जिसमें दो जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मंचीय कार्यक्रम के अंतर्गत महासचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

# प्रेरणा स्कूल में बसंत मेले की धूमः स्वाद, खेल और रस्सा मल्लखंब ने जीता सबका दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में आयोजित भव्य बसंत मेले ने उत्साह, उमंग और रंगारंग गतिविधियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, मधुर संगीत और बच्चों की खिलखिलाहट से जीवंत हो उठा। इस आयोजन में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शहरवासियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

मेले में विद्यार्थियों द्वारा संचालित विभिन्न फूड स्टॉल आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने। लस्सी हब, द रॉयल डेज़र्ट, इंडियन सोडा, चटोरे बॉल्स, मुंबई पंजाबी तड़का, आमची वडा पाव और फूडी गाइज जैसे स्टॉल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं मसाला पापड़ शॉट्स, मीठा-नमकीन फूड कॉर्नर, चॉकलेट सैंडविच और बिस्किट सैंडविच जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों ने भी सभी का दिल जीत लिया। चाट प्रेमियों के लिए कटोरी चाट, भेल, स्प्राउट चाट, गोलगप्पे और ताज़ा नींबू पानी की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसका बच्चों से लेकर बड़ों तक ने जमकर आनंद उठाया। मनोरंजन के लिए लगाए गए खेल स्टॉल भी लोगों को खूब भाए। वस्तु पहचानो, निशाना लगाओ और रिंग गेम्स जैसे आकर्षक खेलों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पुरस्कार जीते और मेले का भरपूर आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम इस मेले की खास पहचान रहे। विद्यार्थियों ने प्रार्थना, नृत्य एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विशेष रूप से रस्सा मल्लखंब की रोमांचक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिस पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और टीम भावना का विकास करते हैं।

# बिजली विभाग की समाधान योजना से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बेमेतरा संभाग अंतर्गत नवागढ़ एवं अंधियारखोर वितरण केंद्रों में संचालित समाधान योजना 2026 अब ग्रामीण क्षेत्रों में उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रही है। विभाग द्वारा चलाए गए विशेष जागरूकता एवं पंजीयन अभियान को क्षेत्र में जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। अब तक 167 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कर योजना का लाभ लेने की दिशा में कदम बढ़ाया है, जो विभागीय प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। इस अभियान का संचालन ऐ ई भटनागर के मार्गदर्शन में किया गया, जहां प्राथमिकता यह रही कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा जाए और उनके लंबित बिजली बिलों का आसान समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**घर-घर दस्तक, भरोसे का मजबूत कनेक्शनः** बिजली विभाग की टीम ने अभियान को सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि डोर-टू-डोर सर्वे अभियान के माध्यम से सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाई। टीम ने ग्राम केशतरा, रावेली, अतरगंवा, टोरा, तुरसेमरिया एवं अंधियारखोर में घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान योजना के तहत पंजीयन कराया। इस पहल ने उपभोक्ताओं के मन में विश्वास जगाया कि विभाग केवल बिल वसूली नहीं, बल्कि समाधान और सहयोग की भावना के साथ काम कर रहा है।



अभियान की कमान कनिष्ठ अभियंता मोहन दास बैरागी ने संभाली। उनके नेतृत्व में लाइनमैन रितेश पाल, अतुल सोनी, भोजेंद्र वर्मा तथा स्टाफ अरुण मिरे, दिलीश पाटले और सभी रीडर्स ने मिलकर पूरी निष्ठा से कार्य किया। टीम ने कठिन परिस्थितियों में भी गांव-गांव पहुंचकर उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। विभाग के अनुसार समाधान योजना 2026 खास तौर पर घरेलू उपभोक्ताओं, बीपीएल परिवारों, कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए तैयार की गई है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल में विशेष राहत दी जाती है, जिससे वे आर्थिक बोझ से मुक्त होकर नियमित बिजली सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

**बढ़ती जागरूकता, मिल रहा सकारात्मक परिणामः** अभियान के तहत मिले 167 पंजीयन इस बात का संकेत हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब लोग योजनाओं के प्रति जागरूक हो रहे हैं और विभाग के साथ सहयोग कर रहे हैं। बिजली विभाग ने भी यह स्पष्ट किया है कि आने वाले समय में ऐसे अभियान और तेज किए जाएंगे।

# पशु तस्करी के खिलाफ आक्रोश : थाने के सामने प्रदर्शन

## तेज धूप में 3 घंटे तक डटे रहे बजरंग दल के कार्यकर्ता व गौसेवक, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

अवैध पशु तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और गौसेवकों ने थाना के सामने बैठकर प्रदर्शन किया। लगभग 1 बजे से शुरू हुआ यह आंदोलन शाम 4 बजे तक जारी रहा। तेज गर्मी के बावजूद प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर अडिग रहे और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी खुलकर सामने आई।

बजरंग दल के कार्यकर्ता गणेश वैष्णव ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तस्करी की गाड़ी को कार्यकर्ताओं ने पकड़कर थाना में सुपुर्द किया था, उसे पुलिस ने ही छोड़ दिया। उन्होंने वाहन के दस्तावेज फर्जी होने के आरोप लगाये। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार तस्करी की गाड़ियों को पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली या कार्रवाई अधूरी रह गई। इससे साफ है कि तस्करों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। आंदोलन के दौरान गणेश वैष्णव ने समाज को एक मजबूत संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम मिलकर ऐसे अपराधों को रोकें। प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की बड़ी संख्या में क्षेत्र के बजरंग दल के कार्यकर्ता, गौसेवक और स्थानीय नागरिक इस घेराव में शामिल हुए।



**प्रशासन से सख्त कार्वाई की मांग**

गणेश वैष्णव ने कहा कि लगातार हर क्षेत्र में तस्करी के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिसे रोकने के लिए बजरंग दल और गौसेवक लगातार सक्रिय हैं और मैदान में डटे हुए हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे मामलों पर तत्काल और कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि इस अवैध गतिविधि पर रोक लग सके।

प्रदर्शन के दौरान थान -खमरिया क्षेत्र की उस घटना का भी जिक्र किया गया, जिसमें सेप्टिक टैंक में गिरकर गौवंश की मौत हो गई थी। उस समय कोदवा में आंदोलन कर एक माह का अल्टीमेट दिया गया था, लेकिन आज तक न कोई ठोस जांच हुई और न ही दोषियों पर कार्रवाई हुई, जिससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया है।

## श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर कर सम्मान

# उप निरीक्षक यशवंत एवं एएसआई दिनेशचंद को भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पुलिस विभाग में लंबे समय तक उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले उप निरीक्षक यशवंत जंघेल एवं सहायक उप निरीक्षक दिनेशचंद शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। उल्लेखनीय है कि उप निरीक्षक यशवंत जंघेल एवं एएसआई दिनेशचंद शर्मा ने पुलिस विभाग में लगभग 35 वर्ष 06 माह से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जिला राजनांदगांव, दुर्ग एवं बेमेतरा के विभिन्न थाना एवं चौकियों में कार्य करते हुए जिम्मेदारी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। समारोह में पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने दोनों अधिकारियों को श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जंघेल एवं शर्मा ने अपने पूरे सेवाकाल में मुस्तैदी और कार्यकुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, जो विभाग के लिए प्रेरणादायक है।



डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला विनय कुमार तथा डीएसपी शशीकला उईके ने भी दोनों अधिकारियों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा शालीनता और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। अधिकारियों ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सुखद जीवन की कामना की। इस अवसर पर उप निरीक्षक यशवंत जंघेल एवं एएसआई दिनेशचंद शर्मा ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सहकर्मियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि टीम भावना और सहयोग के कारण ही वे अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सोनल ग्वाला, मुख्य लिपिक उप निरीक्षक (अ) हरिओम विश्वकर्मा, स्टेनो संतोष सोनवानी सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे ।

online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) मॉं मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),

राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-[+ 5% GST]

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411